भारत सरकार

नागर विमानन मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न संख्या : **517**

दिनांक 4 फरवरी , 2021 / 15 माघ, 1942 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

**असम में उड़ान योजना**

**517. श्री कृपानाथ मल्लाह:**

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उड़ान योजना की प्रमुख विशेषताएं क्या हैं;
(ख) इस योजना के अंतर्गत असम में अभी तक स्वीकृत, आबंटित तथा उपयोग की गई निधियों का ब्यौरा क्या है;
(ग) असम में इस योजना के अंतर्गत अब तक जोड़े गए स्थानों की संख्या का ब्यौरा क्या है;
(घ) क्या सरकार ने असम के अंदर इस योजना के चौथे चरण के अंतर्गत नए मार्गों को स्वीकृत किया है;
(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(च) इस प्रयोजनार्थ निर्धारित लक्ष्य का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री ( स्वतंत्र प्रभार ) (श्री हरदीप सिंह पुरी )**

(क): 'उड़ान' योजना की मुख्य विशेषताओं का उल्लेख नीचे दिया गया है:

i) मांग आधारित
ii) हवाई किरायों की वहनीयता
iii) चयनित एयरलाइन प्रचालकों (एसएओ) को व्यवहार्यता अंतराल वित्तपोषण (वीजीएफ)
iv) एसएओ द्वारा 'उड़ान' के अंतर्गत प्रचालित उड़ानों का न्यूनतम निष्पादन स्तर
v) 'उड़ान' मार्गों पर प्रचालन की विशिष्टता
vi) प्राथमिकता वाले क्षेत्रों यथा पूर्वोत्तर क्षेत्र, पर्वतीय राज्य और द्वीपसमूह

(ख): योजना के अंतर्गत 'उड़ान' फ्लाइट्स प्रचालित करने के लिए चयनित एयरलाइन प्रचालकों (एसएओ) को व्यवहार्यता अंतराल वित्तपोषण (वीजीएफ)का प्रावधान किया जाता है। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, कार्यान्वयन एजेंसी ने अब तक असम में 'उड़ान' फ्लाइट्स प्रचालित करने के लिए चयनित एयरलाइन प्रचालकों (एसएओ) को रु.79,60,680/- संवितरित किए गए हैं।

(ग): भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, कार्यान्वयन एजेंसी ने असम में 'उड़ान' फ्लाइट्स के प्रचालन के लिए निम्नलिखित 'उड़ान' हवाईअड्डों/हेलीपोर्टों/वॉटर एयरोड्रोमों की पहचान की है:

हवाईअड्डे:
i. जोरहाट
ii. लीलाबाड़ी
iii.तेजपुर
iv.रूपसी

हेलीपोर्ट:
i.नगांव

ii.मीसा
iii.गेलेकी

i.वॉटर एयरोड्रोम:
ii.गुवाहाटी रिवर फ्रंट
iii.उमरांगसो रिजरवॉयर

(घ) से (च): एएआई, कार्यान्वयन एजेंसी, ने 'उड़ान' 4.0 के प्रथम चरण के अंतर्गत असम में 24 मार्गों की पहचान की है। सूची अनुबंध के रूप में संलग्न है। 'उड़ान' के अंतर्गत चयनित एयरलाइन प्रचालक (एसएओ) 'लेटर ऑफ एवार्ड' जारी होने से छह महीने की अवधि अथवा हवाईअड्डे के तैयार होने से दो महीने, जो भी बाद में हो, के भीतर आरसीएस-मार्ग पर आरसीएस उड़ान प्रचालन आरंभ करने के लिए बाध्य हैं, जब तक कि कार्यान्वयन एजेंसी द्वारा कोई समय-विस्तार न प्रदान किया गया हो।

*****

अनुलग्नक

**लोक सभा के दिनांक 04/02/ 2021 के लिखित प्रश्न संख्या 517 के उत्तर का विवरण**

**उड़ान 4.0 के प्रथम चरण के अंतर्गत असम के 24 मार्गों की सूची**

1. गुवाहाटी से शिलांग
2. शिलांग से गुवाहाटी
3. गुवाहाटी से तेजू
4. तेजू से गुवाहाटी
5. गुवाहाटी से रूपसी
6. रूपसी से कोलकाता
7. कोलकाता से रूपसी
8. रूपसी से गुवाहाटी
9. आइजाल से तेजपुर
10. तेजपुर से आइजोल
11. अगरतला से डिब्रूगढ़
12. डिब्रूगढ़ से अगरतला
13. पासीघाट से गुवाहाटी
14. गुवाहाटी से पासीघाट
15. शिलांग से डिब्रूगढ़
16. डिब्रूगढ़ से शिलांग
17. गुवाहाटी से तेजपुर
18. तेजपुर से गुवाहाटी
19. गुवाहाटी से मीसा (हेलीपोर्ट)
20. मीसा (हेलीपोर्ट) को गेलेकी
21. गेलेकी से जोरहाट तक
22. जोरहाट से गेलेकी
23. गेलेकी से मीसा (हेलीपोर्ट)
24. मीसा (हेलीपोर्ट) को गुवाहाटी